समाचार

# विधायक मद से 10 लाख रू. में बनेगा सामुदायिक भवन

## (राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने किया कार्य का भूमिपूजन)



कोरबा 03 अगस्त 2020 —राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री एवं कोरबा विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल के विधायकनिधि से स्वीकृत 10 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। आज राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने उक्त विकास कार्य का भूमिपूजन किया, इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद व सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी विशिष्ट रूप से उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा टी.पी.नगर जोनांतर्गत स्टेडियम मुख्य मार्ग से पम्प हाउस की ओर जाने वाली सड़क पर स्थित कुर्मी क्षत्रिय कल्याण समिति परिषद में सरदार वल्लभभाई पटेल प्रतिमा के पास विधायकनिधि से स्वीकृत 10 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाना हैं। आज प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए उक्त सामुदायिक भवन निर्माण कार्य की आधारशिला रखी एवं भूमिपूजन किया, उन्होने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया तथा कार्य का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने उपस्थित समाज के लोगों को रक्षाबंधन के पावन त्यौहार की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा समाज की एकता, सद्भाव एवं उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने सामुदायिक भवन निर्माण हेतु राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कहा कि राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कोरबा क्षेत्र के विकास तथा सभी समाज के लिए सदैव अपना अपार स्नेह दिया है तथा क्षेत्र के सभी नागरिकों को अपने परिवार के सदस्य के रूप में माना हैं, आज कोरबा में विकास का जो स्वरूप दिख रहा है उसमें राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका सदैव रही है। इस अवसर पर कुर्मी क्षत्रिय कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री राजकुमार वर्मा ने राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया

तथा कहा कि मंत्री श्री अग्रवाल ने हर समाज के साथ–साथ कुर्मी क्षत्रिय समाज को सदैव अपना सहयोग दिया है, उनका यह सहयोग एवं स्नेह हमें आगे भी मिलता रहेगा, ऐसा विश्वास रखता हूॅं, उन्होने कहा कि पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कार्यकाल में भी हमारे समाज के लिए बहुत कुछ प्राप्त हुआ है, जिसके लिए मैं हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करता हूॅं।

इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य व जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सपना चौहान, पार्षद रवि सिंह चंदेल एवं द्रोपदी वर्मा, समिति के अध्यक्ष रामुकमार वर्मा, उपाध्यक्ष रूकमणी कश्यप, एस.मूर्ति, पूर्व पार्षद अविनाश बंजारे, मनोज राठौर, हलीम शेख, नकुल राजवाड़े, रवि चन्द्रा, प्रेम वर्मा, महेश वर्मा, कार्यपालन अभियंता आर.के. चौबे, सहायक अभियंता प्रकाश चन्द्रा आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।